# सीखने की संप्राप्ति

आधारित

# प्रश्न कोश

दूसरी कक्षा के लिए

# आमुख

## सीखने की संप्राप्ति आधारित प्रलेख

बच्चा विद्यालय में प्रवेश करने से पूर्व अपने निजी अनुभव, परिवेश व विचार से अपनी भाषा गढ़ता है। इस गढ़ी भाषायी पूँजी को विद्यालयीय स्तर पर उपयोग कर, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के अन्तर्गत भाषा के चारों कौशल अर्थात् श्रवण-वाचन-पठन-लेखन के माध्यम से आगे बढ़ाया जाता है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली के तत्त्वाधान में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 के अन्तर्गत निर्धारित पुस्तकों पर आधारित उपलब्धि परीक्षण, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के सरलीकरण, शिक्षार्थी से वाञ्छित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सीखने की सम्प्राप्तियाँ कक्षावार निर्धारित की गई हैं। यह प्रलेख राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली (मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार) के विद्यालयीय शिक्षा के गुणात्मक सुधार की निरन्तरता में सीखने की सम्प्राप्ति आधारित एक प्रयास है।

प्रलेख सम्बन्धी विवरण :

१. यह प्रलेख कक्षा प्रथम से आठवीं के लिए निर्धारित हिन्दी पाठ्यक्रम से सम्बन्धित है।
२. यह प्रलेख कक्षा प्रथम से आठवीं के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यानगत कर, सीखने की सम्प्राप्तियों पर आधारित हैं।
३. इसे सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को सरल करने व छात्र केन्द्रित बनाने के उद्देश्य को दृष्टिगत कर सृजित किया गया है।
४. प्रत्येक अध्याय के प्रारम्भ में सम्बन्धित सीखने की सम्प्राप्तियाँ टंकित की गई हैं।
५. इस प्रलेख की विषय-वस्तु, सीखने की सम्प्राप्तियों हेतु सुझावात्मक प्रारुप है। अध्यापक अपने स्तर पर इस सातत्यता/निरन्तरता में निजी प्रयास हेतु स्वतन्त्र है।
६. इसकी संरचना तर्कसंगत और तथ्यपूर्ण है।
७. इस प्रलेख संरचना में स्व-स्व मतिभिन्न विषयक, व्याकरणिक त्रुटि सम्भव है तथा त्रुटिजन्य सुझाव जो सुधीजनों से अपेक्षित, इस प्रलेख को और भी परिमार्जित करने में सहायक सिद्ध होंगे।
८. इस प्रलेख के परिमार्जन में आपके मूल्यवान सुझाव व टिप्पणियाँ, इसके आगामी संस्करण की उत्कृष्टता व गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

# प्रलेख सृजन समिति

विषय : **हिन्दी (सीखने की सम्प्राप्ति आधारित प्रलेख)** कक्षा : **पहली से आठवीं**

**मुख्य समन्वयक :** **श्रीमती रंजना श्रीवास्तव**
प्राचार्या, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

**सृजन समिति :** **सुदेश वधावन**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
सैक्टर – 45, चण्डीगढ़

**गायत्री सांगवान**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
रायपुर खुर्द, चण्डीगढ़

**अंजू ठाकुर**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
सैक्टर – 38 (वैस्ट), चण्डीगढ़

**बृज रानी**
शिक्षिका, राजकीय उच्च विद्यालय, कजहेड़ी, चण्डीगढ़

**दिनेश चन्द्र**
शिक्षक, राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, सैक्टर – 12, चण्डीगढ़

**जसविन्दर कौर**
शिक्षिका, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 22 ए,
चण्डीगढ़

**गजराज सिंह**
शिक्षक, राजकीय उच्च विद्यालय, सैक्टर – 53, चण्डीगढ़

**राकेश दहिया**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 38 (वैस्ट),
चण्डीगढ़

**राजकुमार**
शिक्षक, राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, सैक्टर – 12, चण्डीगढ़

**साधना**
शिक्षिका, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

**अजीत**
शिक्षक, राजकीय उच्च विद्यालय, कजहेड़ी, चण्डीगढ़

**पीयूष अग्रवाल**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 28, चण्डीगढ़

**सहयोग :** **श्री सत्यवान**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

## कक्षा - 2
## हिन्दी


| क्रमांक | पाठ सूची | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सीखने की संप्राप्ति | 6 |
| 2. | ऊँट चला | 8 |
| 3. | भालू ने खेली फुटबॉल | 12 |
| 4. | म्याऊँ-म्याऊँ | 14 |
| 5. | अधिक बलवान कौन? | 15 |
| 6. | दोस्त की मदद | 17 |
| 7. | बहुत हुआ | 19 |
| 8. | मेरी किताब | 21 |
| 9. | तितली और कली | 23 |
| 10. | बुलबुल | 25 |
| 11. | मीठी सारंगी | 27 |
| 12. | टेसू राजा बीच बाज़ार | 29 |
| 13. | बस के नीचे बाघ | 31 |
| 14. | सूरज जल्दी आना जी | 32 |
| 15. | नटखट चूहा | 34 |
| 16. | एक्की दोक्की | 35 |
| 17. | उपलब्धि पत्रक | 37 |

## सीखने की संप्राप्ति

## कक्षा 2

H201. विविध उद्देश्यों के लिए अपनी भाषा अथवा /और स्कूल की भाषा का इस्तेमाल करते हुए बातचीत करते हैं, जैसे जानकारी पाने के लिए प्रश्न पूछना, निजी अनुभवों को साझा करना, अपना तर्क देना आदि।

H202. कही जा रही बात, कहानी, कविता आदि को ध्यान से सुनकर अपनी भाषा में बताते/सुनाते हैं।

H203. देखी, सुनी बातों, कहानी, कविता आदि के बारे में बातचीत करते हैं और अपनी प्रक्रिया व्यक्त करते हैं।

H204. अपनी निजी ज़िंदगी और परिवेश पर आधारित अनुभवों को सुनायी जा रही सामाग्री, जैसे- कविता, कहानी, पोस्टर, विज्ञापन आदि से जोड़ते हुए बातचीत में शामिल करते हैं।

H205. भाषा में निहित शब्दों और ध्वनियों के साथ खेल का मज़ा लेते हुए लय और तुक वाले शब्द बनाते हैं, जैसे-एक था पहाड़, उसका भाई था दहाड़, दोनों ज्ञे खेलने...।

H206. अपनी कल्पना से काहनी, कविता आदि कहते/सुनाते हैं/आगे बढ़ाते हैं।

H207. अपने स्तर और पसंद के अनुसार कहानी, कविता, चित्र, पोस्टर आदि को आनंद के साथ पढ़कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं।

H208. चित्र के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं पर बारीक अवलोकर करते हैं।

H209. चित्र में या क्रमवार सजाए चित्रों में घट रही अलग-अलग घटनाओं, गतिविधियों और पात्रों को एक संदर्व या कहानी के सूत्र में देखकर समझते हैं और सराहना करे हैं।

H210. परिचित/अपरिचित लिखित सामाग्री में रुचि दिखाते हैं और अर्थ की खोज में विविध प्रकार की युक्तियों का इस्तेमाल करते हैं, जैसे- चित्रों और प्रिंट की मदद से अनुमान लगाना, अक्षर ध्वनि सबंध ल इस्तेमाल करना, शब्दों को पहचानना, पूर्व अनुभवों और जानकारी का इस्तेमाल करते हुए अनुमान लगाना।

H211. प्रिंट (लिखा या छपा हुआ) में मौजूद अक्षर, शब्द और वाक्य की इकाइयों की अवधारणा को समझते हैं।  जैसे- ‘मेरा नाम’ विमल है’। बताओ, इस वाक्य में कितने शब्द हैं? ‘नाम’ शब्द में कितने अक्षर हैं या ‘नाम’ शब्द में कौन-कौन से अक्षर हैं?

H212. हिन्दी के वर्णमाला के अक्षरों की आकृति और ध्वनि को पहचानते हैं।

H213. स्कूल के बाहर और स्कूल के भीतर (पुस्तक कोना/पुस्तकालय से) अपनी पसंद की किताबों को स्वंय चुनकर पढ़ने का प्रयास करते हैं।

H214. स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत चित्रों, आड़ी-तिरछी रेखाओं (कीरम-काँटे), अक्षर-आकृतियों से आगे बढ़ते हुए स्व-वर्तनी का उपयोग और स्व-नियंत्रित लेखन (कनवैंनशनल राइटिंग) करते हैं।

H215. सुनी हुई और अपने मन की बातों को अपने तरीके से और तरह-तरह से चित्रों/शब्दों/वाक्यों द्वारा (लिखित रूप से) अभिव्यक्त करते हैं।

H216. अपनी निजी ज़िंदगी और परिवेश पर आधारित अनुभवों को अपने लेखन में शामिल करते हैं।

H217. अपनी कल्पना से कहानी, कविता आदि आगे बढ़ाते हैं।

**विषय- हिन्दी**

**कक्षा- दूसरी**

| मास | पाठयक्रम | सीखने की संप्राप्ति |
|---|---|---|
| अप्रैल | **पाठ -1**<br>ऊँट चला<br><br>**पाठ-2**<br>भालू ने खेली फुटबॉल | H201 – H216<br><br>H201-04, H206, H210-11 |
| मई | **पाठ-3**<br>म्याऊँ, म्याऊँ!!<br><br>**पाठ-4**<br>अधिक बलवान कौन | H201-03 H205-09, H212, H214-16<br><br>H201-03, H205-06, H211-12, H214-15 |
| जुलाई | **पाठ-5**<br>दोस्त की मदद<br><br>**पाठ-6**<br>बहुत हुआ | H201-17<br><br>H201-17 |
| अगस्त | **पाठ-7**<br>मेरी किताब | H201-11, H213-16 |
| अक्तूबर | **पाठ-8**<br>तितली और कली<br><br>**पाठ-9**<br>बुलबुल | H201-06, H208, H210-11, H214-16<br><br>H201-06, H208, H210-11, H214-16 |
| नवम्बर | **पाठ-10**<br>मीठी सारंगी<br><br>**पाठ-11**<br>टेसू राजा बीच बाज़ार | H201-06, H209-11, H214-16<br><br>H204-11, H214-16 |

| | | |
|---|---|---|
| दिसम्बर | **पाठ-12**<br>बस के नीचे बाघ<br><br>**पाठ-13**<br>सूरज जल्दी आना जी | H201-07, H211, H214-17<br><br>H201-02, H204-06, H210-12, H214-16 |
| जनवरी | **पाठ-14**<br>नटखट चूहा<br><br>**पाठ-15**<br>एक्की दोक्की | H201, H209-12 H214-16<br><br>H201-07, H210-12, H214-16 |
| फ़रवरी | दोहराई | |

## कक्षा 2

## 1. ऊँट चला

**सीखने की संप्राप्ति : H201 – H216**

प्रश्न 1. आओ पढ़ें और मज़ा लें।

बालू है, तो होने दो
बोझ ऊँट को ढोने दो।
नहीं फँसेगा बालू में
बालू में भी ऊँट चला।


प्रश्न 2. अपने आस-पास देखे जाने वाले जानवरों के नाम बताओ।

प्रश्न 3. तुम्हारा नाम किस अक्षर से शुरू होता है। उसी अक्षर से नए शब्द बनाओ।

.............................. ..............................

.............................. ..............................

प्रश्न 4. आओ नए शब्द बनाएँ।




खिल .................. .................... ....................

प्रश्न 5. नीचे दिए गए शब्दों से मिलते-जुलते शब्दों को सही जगह पर लिखो।
अपनी कल्पना से तीसरा शब्द भी लिखें।

**जब, होने, जूट, गला, रोने, तब, गई, छूट, भला, नई**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ऊँट | जूट | छूट | सूट |
| चला | .................... | .................... | .................... |
| कब | .................... | .................... | .................... |
| भई | .................... | .................... | .................... |
| ढोने | .................... | .................... | .................... |

प्रश्न 6. आओ चर्चा करें-




**कक्षा 2**

## 2. भालू ने खेली फुटबॉल

**सीखने की संप्राप्ति : H201-04, H206, H210-11**

प्रश्न 1. ठंड से बचने के लिए शेर का बच्चा गोल-मटोल सिमट कर बैठ गया। तुम ठंड से बचने के लिए क्या-क्या करोगे? चर्चा करो।

प्रश्न 2. चित्र को देखकर खेलों के नाम बताओ और लिखो।

 ..............................



..............................

 ..............................

 ..............................

प्रश्न 3. सही शब्द पर गोला लगाएँ-

क) ठडी / ठंडी हवा चल रही है।

ख) सेब बहुत मीठा / मिठा है।

ग) भालू साहब सेर / सैर को निकले।

घ) शेर का बच्चा / बचा भी नौ दो ग्यारह हो लिया।

ङ) बड़ों का आदर/आदार करना चाहिए।

प्रश्न 4. कहानी 'भालू ने खेली फुटबॉल' में किसने, किससे कहा?

क) " ओह! किस आफ़त में आ फँसा।"

किसने कहा - ..............................................................

किससे कहा - ..............................................................

ख) “डाल तोड़ दी पेड़ की। लाओ हर्जाना।”

किसने कहा - .........................................................

किससे कहा - ........................................................

## कक्षा 2
## 3. म्याऊँ-म्याऊँ

**सीखने की संप्राप्ति : H201-03 H205-09, H212, H214-16**

प्रश्न 1. आओ गुनगुनाएँ-

रोती क्यों ना, मुझे नाक पर
मुझे नाक की एक नोक पर
काट गई थी चुहिया चूँटी
चुहिया काट गई चूँटी भर।

किन-किन चीजों की नोक होती है, चित्र बनाकर नाम लिखो।



प्रश्न 2. शब्दों का उलट-फेर-

‘सूझा मुझको एक बहाना
मुझको सूझा एक बहाना।’

नीचे लिखी बातों को दूसरे तरीके से लिखो-

क) लगी काँपने घड़ी-घड़ी मैं
..........................................

ख) धीरे से मैं बोली म्याऊँ
..........................................

प्रश्न 3. जानवरों की आवाज पहचाने और मिलाएँ-

| | |
|---|---|
| भौं – भौं | शेर |
| म्याऊँ- म्याऊँ | चिड़िया |
| दहाड़ना (ग र्र र ...) | बिल्ली |
| चीं-चीं | कुत्ता |

कक्षा 2

# 4. अधिक बलवान कौन?

सीखने की संप्राप्ति : H201-03,  H205-06, H211-12, H214-15

प्रश्न 1. शब्दों का खेल-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रा | ज | म | ह | ल |

यहाँ पर कुछ शब्द छिपे हैं। जैसे – राज, हल, राह...

नीचे लिखे शब्द में तुम भी इसी तरह शब्द ढूंढो-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सू | र | ज | मु | खी |

........................................................................................

प्रश्न 2. ये सब अपनी ताकत दिखाने ले लिए क्या करेंगे?

सूरज - गर्मी बढ़ाएगा।

पानी - ..........................................................................................

बादल - ..........................................................................................


सर्दी - ..........................................................................................

प्रश्न 3. वर्ग-पहेली से कोई पाँच शब्द ढूँढकर गोला लगाओ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मू | ये | ग | र्मी | पा |
| र | को | ट | मा | नी |
| सू | त | ह | वा | फ |
| र | ब | ट | न | ए |
| ज | न | ग | दो | ल |

प्रश्न 4. आदमी ने गर्मी लगने पर कोट उतार दिया था। तुम गर्मी लगने पर क्या-क्या करते हो? चर्चा करें।

प्रश्न 5. आओ मात्रा लगाएँ-



स र ज - सूरज



आ द म - .........................................



क ट - .........................................

**कक्षा 2**

## 5. दोस्त की मदद

**सीखने की संप्राप्ति : H201-17**

प्रश्न 1. जानवरों को उनके घर तक पहुंचाएँ-



शेर

कछुआ

लोमड़ी

मछली

भालू

मेंढक



प्रश्न 2. एक से अनेक-

| | | |
|---|---|---|
| एक खंभा | - | तीन खंभे |
| एक संतरा | - | पाँच ............................ |
| एक कछुआ | - | छः ............................ |
| एक पुस्तक | - | सात ............................ |
| एक पतीला | - | चार ............................ |

प्रश्न 3. अपने पाँच दोस्तों के नाम लिखो-

.......................... .......................... ..........................

.......................... ..........................

प्रश्न 4. बताओ, किसकी चाल? ( फुदक-फुदक कर, रेंग-रेंग कर .....)

क) मेंढक फुदक-फुदक कर चलता है।

ख) खरगोश चलता .....................................................

ग) साँप है चलता .....................................................

घ) शेर चलता .....................................................

प्रश्न 5. कहानी आगे बढ़ाएँ-

सच्ची मित्रता

एक पेड़ पर एक बंदर रहता था। एक छोटा बच्चा अक्सर उस पेड़ के पास से गुजरते हुए बंदर की अठखेलियाँ देखता था। दोनों एक दूसरे के दोस्त बन गए। बंदर रोज अपने दोस्त को पेड़ से मीठे-मीठे फल खिलाता। एक दिन अचानक पेड़ की डाल टूटने से बंदर को चोट लग गई। बच्चे ने बंदर

........................................................................................................................

........................................................................................................................

प्रश्न 6. प्रथम बुक्स या पुस्तकालय से कविता/कहानियों की पुस्तकें लेकर पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

## 6. बहुत हुआ

**सीखने की संप्राप्ति : H201-17**

प्रश्न 1. मिलकर गाएँ-

काले मेघा पानी दे
पानी दे गुड़धानी दे।
बरसो खूब झमा–झम-झम
नाचे मोर छमा-छम-छम।।

क्या आप जानते हैं?

✹बारिश का पानी कौन लेकर आता है?

क) हवा　　ख) मोर　　ग) मेघा (बादल)

✹बारिश में मोर कैसे नाचता है?

क) झमा–झम　　ख) छमा-छम　　ग) रमा-रम


प्रश्न 2. आओ पढ़ें-

| | |
|---|---|
| ग्रह | प्रणाम |
| चक्र | प्रणाम |
| क्रम | प्रारंभ |
| कद्र | प्रबंध |

पदेन 'र' (/) लगाएँ-

| | | |
|---|---|---|
| सब | - | सब्र |
| पवाह | - | ...................................... |
| दव | - | ...................................... |

प्रश्न 3. चित्र देखकर रंग भरो और नाम लिखो-




प्रश्न 4. ज़्यादा बारिश से बचने के लिए हम अपने घरों में शरण लेते हैं।

निम्नलिखित तेज़ बारिश से बचने के लिए क्या करते होंगे? बताओ।

क) मोर

ख) चिड़िया

ग) बिल्ली

घ) कुत्ता

## कक्षा 2
## 7. मेरी किताब

**सीखने की संप्राप्ति : H201-11, H213-16**

प्रश्न 1. कक्षा में दिखने वाली चीजों के नाम दिए गए स्थान पर लिखो।


पुस्तक, पेंसिल, बस्ता, कुर्सी, पंखा

प्रश्न 2. रिश्तों का सही मिलान करें-

| | |
|---|---|
| बहन का भाई | नानी |
| माँ की बहन | दादा |
| माँ की माँ | भाई |
| पिता की माँ | मौसी |
| पिता के पिता | दादी |

प्रश्न 3. इन चीजों को किससे मापेंगे, तोलेंगे या नापेंगे?

फ़ीता  तराज़ू  फुट्टा  माप 

कपड़ा - फ़ीता


लड्डू - ......................................

टमाटर - ......................................

कागज़ - ......................................

दूध - ......................................

प्रश्न 4. आओ खेलें अंत्याक्षरी-



**कक्षा 2**

## 8. तितली और कली

---

**सीखने की संप्राप्ति : H201-06, H208, H210-11, H214-16**

प्रश्न 1. क्या आप जानते हैं?

- पत्ते हरे रंग के होते हैं।
- लड्डू ............................ रंग के होते हैं।
- मिट्टी ............................ रंग की होती है।
- संतरा ............................ रंग का होता है।
- तितली ............................ की होती है।

प्रश्न 2. उन फूलों के नाम लिखो जिनकी खुशबू तुम्हें पसंद है।

................................... ...................................

...................................

प्रश्न 3. कविता पढ़ें-

'हरी डाल पर लगी हुई थी,
नन्ही सुंदर एक कली।
तितली उससे आकर बोली,
तुम लगती हो बड़ी भली।'

प्रश्न पढ़ें और सही उत्तर चुनें-

- नन्ही कली कैसी थी?

  सुंदर ☐ गंदी ☐ अज़ीब ☐

- मिलते-जुलते शब्द पर गोला ◯ लगाओ।

कली खेल लगी चली

प्रश्न 4. पौधे के भागों के नाम मिलाओ-

तना



फूल

पत्ती

## कक्षा 2

## 9. बुलबुल

**सीखने की संप्राप्ति : H201-06, H208, H210-11, H214-16**

प्रश्न 1. एक नाम लिखो-

| | | |
|---|---|---|
| आम, केला, अंगूर | - | फल |
| मोर, कबूतर, चिड़िया | - | ................................. |
| गुलाब, गेंदा, कमाल | - | ................................. |
| टमाटर, मिर्च, आलू | - | ................................. |
| भूरा, गुलाबी, बैंगनी | - | ................................. |

प्रश्न 2. नीचे लिखी पंक्तियों को पढ़कर सही उत्तर पर गोला ◯ लगाएँ-

बुलबुल को सिपाही बुलबुल भी कहते हैं। बुलबुल एक बार में दो या तीन अंडे देती है। उसके अंडे हल्के गुलाबी रंग के होते हैं। तुम उन्हे ध्यान से देखो तो तुम्हें उन पर कुछ लाल, कुछ भूरी और कुछ बैंगनी बिंदियाँ दिखाई देंगी।

☼ बुलबुल एक बार में कितने अंडे देती है?

क) चार　　ख) पाँच　　ग) दो या तीन

☼ इसके अंडे किस रंग के होते हैं?

क) लाल　　ख) काले　　ग) हल्के गुलाबी

☼ बुलबुल को और क्या कहते हैं?

क) चौकीदार बुलबुल　　ख) सिपाही बुलबुल　　ग) रानी बुलबुल

प्रश्न 3. नीचे लिखी वर्ग-पहेली में से पक्षियों के नाम ढूँढकर लिखें-

मुर्गा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प | पी | हा | मो | ज |
| क | बू | त | र | कौ |
| बु | ल | बु | ल | आ |
| रा | क | चि | ड़ि | या |
| ब | त्त | ख | मु | र्गा |

प्रश्न 4. समान अर्थ वाले शब्द मिलाएँ-

| | |
|---|---|
| पानी | डर |
| पंछी | सुंदर |
| पेड़ | पक्षी |
| खूबसूरत | वृक्ष |
| भय | सरल |
| आसान | जल |

## कक्षा 2

## 10. मीठी सारंगी

**सीखने की संप्राप्ति : H201-06, H209-11, H214-16**

प्रश्न 1. नीचे दिए गए संगीत के बाजों पर गोला लगाओ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| तबला | चिमटा | ढोल | बाँसुरी |
| तानपुरा | सारंगी | चौपाल | गिटार |
| वरली | डमरू | मधुबनी | गिलास |

प्रश्न 2. मीठी सारंगी कहानी में मिठास की बात की है। तुम्हें कौन-कौन सी मीठी चीजें पसंद है? चर्चा करें-

प्रश्न 3. नीचे लिखे शब्दों पर ँ या ं लगाएँ।

गाव - गाँव

सारगी - ..............................

आनद - ..............................

मुह - ..............................


आवला - ..............................

प्रश्न 4. कहानी आगे बढ़ाओ-

बाँसुरी बेचने वाला अक्सर हमारी गली से गुजरता है। वह बाँसुरी बहुत ही मधुर बजाता है। मेरे बच्चे उसको बहुत पसंद करते हैं। वे अक्सर बाँसुरी वाले से बाँसुरी खरीदते हैं। मैंने भी उससे एक बाँसुरी खरीदी। जब मैंने बाँसुरी बजाई तो ..........................................................................................................

..........................................................................................................................................

प्रश्न 5. आओ नए शब्द बनाएँ-



## कक्षा 2

## 11. टेसू राजा बीच बाज़ार

**सीखने की संप्राप्ति : H204-11, H214-16**

प्रश्न 1. आओ वरली शैली के कुछ चित्र बनाएँ-





प्रश्न 2. आपने अलग-अलग बाज़ारों के बारे में सुना होगा। चर्चा करें और लिखें।

| | | |
|---|---|---|
| जैसे – बुधमंडी | ............................ | ............................ |
| ............................ | ............................ | ............................ |

प्रश्न 3. अपने अंदाज से बताओ, क्या-क्या गिना जा सकता है? हाँ या नहीं में लिखें।

| | | |
|---|---|---|
| जैसे - पेड़ के पत्ते | - | ............................ |
| अनार के दाने | - | ............................ |
| मटर के दाने | - | ............................ |
| घर के द्वार | - | ............................ |
| गाँव के लोग | - | ............................ |
| कॉपी के पन्ने | - | ............................ |

प्रश्न 4. समान लय वाले शब्द लिखो-

| | | |
|---|---|---|
| अचार | अनार | हजार |
| खाने | दाने | .................... |
| राजा | .................... | .................... |
| पत्ते | .................... | .................... |

प्रश्न 5. दिये गए वर्णों से सही शब्द बनाएँ-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कं | ल | ब | | - | कंबल |
| अ | र | ना | | - | ...................... |
| मी | ज | क | | - | ...................... |
| स | आ | न | मा | - | ...................... |

प्रश्न 6. आओ जानें-

टेसू एक प्रसिद्ध उत्सव और खेल है। यह दशहरे के दिनों में मनाया जाता है। इस त्योहार में लड़कों की टोली टेसू लेकर घर-घर जाती है। डमरू जैसे आकार में टेसू बनाया जाता है। यह त्योहार पाँच दिन तक चलता है।

# कक्षा 2

## 12. बस के नीचे बाघ

**सीखने की संप्राप्ति : H201-07, H211, H214-17**

प्रश्न 1. आओ पढ़ें-

लोगों को भागते देखकर छोटा बाघ कुछ घबराया। वह सीढ़ी से उतरा और बस के नीचे घुस गया। नीचे पहुँचकर वह बस के आगे वाले पहिए के पास जाकर दुबक गया। लेकिन वहाँ उसे अच्छा नहीं लगा। वह फिर से बस के भीतर जाना चाहता था।

ऊपर दी गई पंक्तियों से मात्राओं के शब्द छाँटकर लिखो-

| उ | ए | ओ | चन्द्रबिन्दु ँ |
|---|---|---|---|
| कुछ | | | |
| | | | |

प्रश्न 2. आपके घर, आस-पड़ोस या स्कूल में आने वाले अखबारों के नामों के बारे में बताओ।

प्रश्न 3. सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरें-

- किसी जंगल में एक छोटा ................... खेल रहा था। (बिल्ली/ बाघ)
- सड़क पर एक ...................खड़ी थी। (कार /बस)
- लोगों को भागते देखकर ................... बाघ कुछ घबराया। (छोटा/बड़ा)

प्रश्न 4. यह चित्र मध्य प्रदेश की गोंडी शैली में बना है। इसके बारे में बातचीत करें। इसी तरह का चित्र या डिजाइन बनाएँ-





# कक्षा 2

## 13. सूरज जल्दी आना जी

**सीखने की संप्राप्ति : H201-02, H204-06, H210-12, H214-16**

प्रश्न 1. भिन्न शब्द को गोला ◯ लगाओ-

क) बच्चा, पुस्तक, पेंसिल, बस्ता, पेड़

ख) रन , बदला, घर, गेंद, विकेट

ग) सूर्य, धूप, आँख, गर्मी, पसीना

घ) गाय, तोता, भैंस, हाथी, घोड़ा

ङ) सीले, गीले, बारिश, भीगे, सूरज

प्रश्न 2. आओ कविता गुनगुनाएँ और दिए गए शब्दों से खाली स्थानों को पूरा करें-

| जाना | जगाना | भाग |
|---|---|---|

सूरज जल्दी आना जी
हमको स्कूल है जाना जी।
ठंड से ठिठुरे बैठे हैं हम
सबको जरा जगाना जी।
चिड़िया तोते जाग गए हैं
अंबर के तारे ..................... गए हैं।
हमको तो जरा .....................जी
सूरज जल्दी आना जी।

प्रश्न 3. आओ चर्चा करें-

- अगर रोज़ सूरज न निकले।
- अगर पानी, पेड़-पौधे, हवा न हो।

प्रश्न 4. पढ़ो, समझो और लिखो-

| | | |
|---|---|---|
| राजा | - | रानी |
| लड़का | - | ........................................ |
| दादा | - | ........................................ |
| मम्मी | - | ........................................ |
| बेटा | - | ........................................ |

प्रश्न 5. खाली स्थान भरो-

| स्कूल, सफ़ाई, थैली, प्यार |
|---|

- हमें रोज ...................... आना चाहिए।
- हमें ...................... का ध्यान रखना चाहिए।
- हमें जानवरों से ...................... करना चाहिए।
- हमें प्लास्टिक की नहीं, कपड़े की ...................... का प्रयोग करना चाहिए।

**कक्षा 2**

## 14. नटखट चूहा

---

**सीखने की संप्राप्ति : H201, H209-12 H214-16**

प्रश्न 1. नटखट चूहा कहानी में पहले कौन और बाद में कौन आया? चर्चा करें और लिखें -

- चूहा सिंहासन पर बैठ गया। ☐
- दर्जी ने चूहे की टोपी सील दी। ☐
- चूहा राजा के दरबार में गया। ☐
- चूहे को रेशमी कपड़े का टुकड़ा मिला। ☐

प्रश्न 2. पढ़ें, सोंचे और प्रश्नों के उत्तर दें-

एक चूहा था। वह बहुत ही नटखट और चालाक था। उसने अपनी चालाकी से कपड़े वाले दुकानदार से रेशमी कपड़े का टुकड़ा लिया और दर्जी से अपनी टोपी सिलवा ली और अन्य दुकानदार से रंग-बिरंगे सितारे अपनी टोपी में लगवा लिए। इन सब के साथ-साथ राजा से भी अपनी बात मनवा ली। कहानी बड़ी मज़ेदार थी।

- चूहे का स्वभाव कैसा था?
- रंग बिरंगे सितारे चूहे ने कहाँ से लगवाए?
- यह कहानी कैसी थी?

प्रश्न 3. अंगूठे की छाप से चूहा व अन्य चित्र बनाएँ और रंग भरे।





प्रश्न 4. बच्चों को रेफ़ ( र्‍ ) वाले शब्दों का अभ्यास करवाएँ।

जैसे- दर्ज़ी, कार्य

## कक्षा 2

## 15. एक्की दोक्की

**सीखने की संप्राप्ति : H201-07, H210-12, H214-16**

प्रश्न 1. पढ़ें और चर्चा करें-

दो बहनें थी। एक का नाम था एककेसवाली और दूसरी का नाम था दोनकेसवाली। दोनों बहनें अपने अम्मा और बाबा के साथ एक छोटे से घर में रहती थी। एककेसवाली का एक ही बाल था। इसलिए उसे एक्की बुलाते थे। दोनकेसवाली बड़ी घमंडी थी। दोनकेसवाली किसी की भी मदद नहीं करती थी। उसके दो बाल थे। इसलिए सब उसे दोक्की बुलाते थे। एककेसवाली ने सबकी मदद की। कहानी में आए पात्रों की, जैसे - मेहँदी की झाड़ी को पानी दिया, मरियल गाय जो भूखी थी, पेड़ से बँधी थी, उसे खाने को घास दी।

- एककेसवाली बहन ने किस-किस की मदद की?
- दोनकेसवाली बहन का स्वभाव कैसा था?

प्रश्न 2. जोड़े में प्रयोग हुए शब्दों को बोलें और ई व ए की मात्रा वाले शब्द छाँटकर लिखें-

चलते - चलते
मीठा - मीठा
रोते - रोते
खुशी - खुशी
बार - बार

| ई | ए |
|---|---|
| | |
| | |

प्रश्न 3. गाय के विषय में पाँच पंक्तियाँ लिखें-



- गाय एक पालतू पशु है।
- हिंदू लोग गाय की पूजा करते हैं।
- ..........................................................................................
- ..........................................................................................
- ..........................................................................................

प्रश्न 4. कहानी के आधार पर सही (✓) का निशान लगाएँ।

- गाय मरियल थी। ( ✓ )
- लड़की कुरूप थी। (    )
- अम्मा जवान थी। (    )
- जंगल घना था। (    )
- दोक्की घमंडी थी। (    )

प्रश्न 5. मिलते-जुलते शब्द बनाएँ-

| | | |
|---|---|---|
| बाल | चाल | .................. |
| जैसा | .................. | .................. |
| रोना | .................. | .................. |

# उपलब्धि पत्रक
## (सुझावात्मक)

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संकुल (क्लस्टर) क्रमांक | | | | | विद्यालय नाम | | | | | | | | | | | | | | | |
| छात्र नाम | | | | | अनुक्रमांक | | | | | | कक्षा | | | | | | | | | |
| सीखने की संप्राप्ति विवरण | अप्रैल | | मई | | जुलाई | | अगस्त | | सितम्बर | | अक्टूबर | | नवम्बर | | दिसम्बर | | जनवरी | | फरवरी | |
| छात्र उपस्थिति ⇨ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| परिमापक ⇩ | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड |
| कविता/कहानी वाचन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| चित्र चर्चा | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| स्वर | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| व्यंजन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| दो अक्षरों का जोड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| तीन/चार अक्षरों का जोड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| मात्रा आ-ऊ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| मात्रा ए-अं | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| रचनात्मक अभिव्यक्ति | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

नोट : ग्रेड रिपोर्ट कार्ड के अनुसार